42
56
297

1304256297 1304256297 1304256297 1304256297 1304256297

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

उत्तर पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और द्वितीय प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक के दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं द्वितीय प्रति को अलग नहीं करें। वीक्षक द्वारा उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, द्वितीय प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे। परीक्षार्थी द्वितीय प्रति को अपने साथ ले जायें।



वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020
दिनांक-13/11/22 (evening) (IV पारी)
समय 2:30 से 4:30 तक

# प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 16 | |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 100 | |
| अवधि / Duration : 2.00 घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : 100 |

# 130D

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Number 1304256297

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will himself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination, before attempting the question paper kindly check your test booklet and O.M.R. Answer Sheet and ensure that:
   * The serial numbers of test booklet and O.M.R. answer sheet are same.
   * All pages of test booklet and O.M.R. answer sheet are properly printed. All questions from S. No. 1 to last S. No. 100 are printed and pages from S. No. 1 to last S. No. 16 are there in the question booklet.

In case of any discrepancy/defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and O.M.R answer sheet. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.

3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. Negative marking is applied, one third (1/3) of the marks allotted to the question will be deducted for every wrong answer. Wrong answer shall mean an incorrect answer or multiple answers..
8. Each question has four alternative responses marked serially as **(A), (B), (C), (D)**. Candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
9. Use of Mobile Phone/ Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material is found with any candidate, strict action will be taken by the Board against him/her as per rule.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.

**Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair Means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examinations of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नंबर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व, परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि:
   * प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
   * प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र पुस्तिका में प्रश्न सं. 1 से अन्तिम क्रमांक 100 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार 1 से 16 तक मौजूद हैं।

किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. ऋणात्मक अंकन देय है, प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न पर आवंटित अंकों का एक तिहाई (1/3) काट लिया जाएगा। गलत उत्तर का अर्थ होगा अनुचित उत्तर या एक से अधिक उत्तर।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें क्रमशः **(A), (B), (C), (D)** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. मोबाईल फोन / ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेज़ी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न का अंग्रेज़ी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992 की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए / **Do not open this test booklet until you are asked to do so.**

42
56
297

1. If one diagonal of a rhombus is equal to its side, then the diagonals of the rhombus are in the ratio -

(A) $\sqrt{3}:1$ (B) 3:1

(C) 2:1 (D) $\sqrt{2}:1$

2. Which of the following is/are prime numbers?

(i) 241

(ii) 337

(iii) 391

(iv) 571

(A) Only (ii) and (iii) (B) (i), (ii) and (iv)

(C) (ii), (iii) and (iv) (D) (i), (ii), (iii) and (iv)

3. The ratio of ages of Krishna and Balram is 3:4. Four years earlier, the ratio was 5:7. Find the present ages of Krishna and Balram.

(A) 15 years, 20 years (B) 24 years, 32 years

(C) 16 years, 20 years (D) 32 years, 24 years

4. The cost of a car is 400% greater than the cost of a bike. If there is an increase in the cost of the car by 15% and that of bike is 20%, then the total increase in the cost of the 5 cars and 10 bikes is -

(A) 17.5% (B) $16\frac{3}{7}$%


(C) 18.5% (D) 18.25%

5. If $x = 7 + 4\sqrt{3}$ and $xy = 1$, then the value of $\left(\frac{1}{x^2} + \frac{1}{y^2}\right)$ is -

(A) 194 (B) 57

(C) $85\sqrt{3}$ (D) $\frac{7+4\sqrt{3}}{7-4\sqrt{3}}$

6. In the given figure, if $L_1 || L_2$, then the values of x, y, z respectively are –




(A) 98°, 98°, 36° (B) 98°, 36°, 98°

(C) 36°, 98°, 36° (D) 36°, 36°, 98°

1. यदि किसी समचतुर्भुज का एक विकर्ण उसकी भुजा के बराबर हो, तो समचतुर्भुज के विकर्णों का अनुपात है –

(A) $\sqrt{3}:1$ (B) 3:1

(C) 2:1 (D) $\sqrt{2}:1$

2. निम्नलिखित में से कौन अभाज्य संख्या है/हैं?

(i) 241

(ii) 337

(iii) 391

(iv) 571

(A) केवल (ii) एवं (iii) (B) (i), (ii) एवं (iv)

(C) (ii), (iii) एवं (iv) (D) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

3. कृष्ण और बलराम की आयु का अनुपात 3:4 है। चार साल पहले, यह अनुपात 5:7 था। कृष्ण और बलराम की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

(A) 15 वर्ष, 20 वर्ष (B) 24 वर्ष, 32 वर्ष

(C) 16 वर्ष, 20 वर्ष (D) 32 वर्ष, 24 वर्ष

4. एक कार की कीमत एक बाइक की कीमत से 400% अधिक है। यदि कार की कीमत में 15% और बाइक की कीमत में 20% की वृद्धि होती है, तो 5 कारों और 10 बाइकों की लागत में कुल वृद्धि है –

(A) 17.5% (B) $16\frac{3}{7}$%


(C) 18.5% (D) 18.25%

5. यदि $x = 7 + 4\sqrt{3}$ और $xy = 1$, तो $\left(\frac{1}{x^2} + \frac{1}{y^2}\right)$ का मान है –

(A) 194 (B) 57

(C) $85\sqrt{3}$ (D) $\frac{7+4\sqrt{3}}{7-4\sqrt{3}}$

6. दिए गए चित्र में, यदि $L_1 || L_2$ हो, तो x, y, z के मान क्रमशः हैं –




(A) 98°, 98°, 36° (B) 98°, 36°, 98°

(C) 36°, 98°, 36° (D) 36°, 36°, 98°



7. Abhinav leaves Mumbai at 6 am and reaches Bangalore at 10 am. Praveen leaves Bangalore at 8 am and reaches Mumbai at 11:30 am. At what time do they cross each other?

(A) 10 am (B) 8:32 am

(C) 8:56 am (D) 9:20 am

8. Find the greatest number which on dividing 152, 277 and 427 leaves equal remainder.

(A) 25 (B) 35

(C) 45 (D) 65

9. If we multiply a fraction by itself and divide the product by the square of its reciprocal, the fraction so obtained is $3\frac{13}{81}$. The original fraction is -

(A) $\frac{16}{9}$ (B) $\frac{8}{9}$

(C) $\frac{4}{3}$ (D) $\frac{1}{3}$

10. If $\alpha$, $\beta$ are roots of $x^2 - ax + b = 0$ and $v_n = \alpha^n + \beta^n$, then $v_{n+1}$ is equal to -

(A) $av_n - bv_{n-1}$ (B) $bv_n - av_{n-1}$

(C) $av_n + bv_{n-1}$ (D) $bv_n + av_{n-1}$

11. The diameters of two concentric circles are 8 cm and 10 cm. The area of the region between them is -

(A) $\pi$ cm² (B) $3\pi$ cm²

(C) $6\pi$ cm² (D) $9\pi$ cm²

12. The sum of three numbers is 98. If the ratio between first and second be 2:3 and between second and third be 5:8, then the second number is -

(A) 30 (B) 20

(C) 58 (D) 48

13. If A takes 4/5 days as B takes and working together they require 20/3 days to complete the whole work. What is the efficiency of B?

(A) $6\frac{2}{3}$% (B) 16%

(C) 5.55% (D) $8\frac{1}{3}$%

7. अभिनव सुबह 6 बजे मुंबई से निकलता है और 10 बजे बैंगलोर पहुंचता है। प्रवीण सुबह 8 बजे बैंगलोर से निकलता है और 11:30 बजे मुंबई पहुंचता है। वे किस समय एक दूसरे को पार करते हैं?

(A) सुबह 10 बजे (B) सुबह 8:32 बजे

(C) सुबह 8:56 बजे (D) सुबह 9:20 बजे

8. वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 152, 277 और 427 को भाग देने पर बराबर शेषफल प्राप्त हो।

(A) 25 (B) 35

(C) 45 (D) 65

9. यदि हम किसी भिन्न को स्वयं से गुणा करें और गुणनफल को उसके व्युत्क्रम के वर्ग से भाग दें, तो प्राप्त भिन्न $3\frac{13}{81}$ होगा। तो मूल भिन्न है –

(A) $\frac{16}{9}$ (B) $\frac{8}{9}$

(C) $\frac{4}{3}$ (D) $\frac{1}{3}$

10. यदि $x^2 - ax + b = 0$ के मूल $\alpha$, $\beta$ हो और $v_n = \alpha^n + \beta^n$, तो $v_{n+1}$ बराबर है –

(A) $av_n - bv_{n-1}$ (B) $bv_n - av_{n-1}$

(C) $av_n + bv_{n-1}$ (D) $bv_n + av_{n-1}$

11. दो संकेन्द्रित वृत्तों के व्यास 8 से.मी. और 10 से.मी. हैं। उनके बीच के क्षेत्र का क्षेत्रफल है –

(A) $\pi$ से.मी.² (B) $3\pi$ से.मी.²

(C) $6\pi$ से.मी.² (D) $9\pi$ से.मी.²

12. तीन संख्याओं का योग 98 है। यदि पहली और दूसरी के बीच का अनुपात 2:3 हो और दूसरी और तीसरी के बीच 5:8 हो, तो दूसरी संख्या है –

(A) 30 (B) 20

(C) 58 (D) 48

13. यदि A, B के समय में 4/5 दिन लेता है और एक साथ कार्य करते हुए उन्हें पूरे कार्य को पूरा करने के लिए 20/3 दिनों की आवश्यकता होती है। B की दक्षता क्या है?

(A) $6\frac{2}{3}$% (B) 16%

(C) 5.55% (D) $8\frac{1}{3}$%

14. What annual payment will discharge a debt of ₹ 580 in 5 years, the rate being 8% p.a.?

(A) 120 (B) 100

(C) 80 (D) 78

15. A bag contains one-rupee, 50 paise and 25 paise coins and the ratio of their value is 30 : 11 : 7, and the total number of coins are 480. The number of 25 paise coins are -

(A) 168 (B) 132

(C) 212 (D) 160

16. To an observer on lunar surface, during day time sky will appear to be -

(A) Black (B) Light yellow

(C) Blue (D) Orange

17. Which of the following is a heterogeneous mixture?

(A) Solution

(B) Suspension

(C) Both solution and suspension

(D) Neither solution nor suspension

18. Which one of the following statements is not correct?

(A) The mass numbers of atoms of different elements may be same.

(B) The mass numbers of atoms of an element may be different.

(C) The number of protons in all atoms of an element is same.

(D) The number of neutrons in all atoms of an element is always same.

19. Match the following columns –

| Column-I | Column-II |
|---|---|
| (a) Soapsuds | (i) Emulsion |
| (b) Silt in water | (ii) Foam |
| (c) Opal | (iii) Sol |
| (d) Mayonnaise | (iv) Gel |

Code -

(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

(B) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)

(C) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(i)

(D) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

14. 8% प्रति वर्ष की दर से 5 वर्षों में 580 रुपये के ऋण का भुगतान किस वार्षिक भुगतान से होगा?

(A) 120 (B) 100

(C) 80 (D) 78

15. एक थैले में एक रुपया, 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्के हैं, जिनके मान का अनुपात 30 : 11 : 7 है तथा सिक्कों की कुल संख्या 480 है। 25 पैसे वाले सिक्कों की संख्या है –

(A) 168 (B) 132

(C) 212 (D) 160

16. चंद्र सतह पर एक पर्यवेक्षक को, दिन के समय आकाश दिखाई देगा –

(A) काला (B) हल्का पीला

(C) नीला (D) नारंगी

17. निम्नलिखित में से कौन एक विषमांगी मिश्रण है?

(A) विलयन

(B) निलंबन

(C) विलयन और निलंबन दोनों

(D) न तो विलयन और ना ही निलंबन

18. निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा सही नहीं है?

(A) विभिन्न तत्वों के परमाणुओं की द्रव्यमान संख्याएं समान हो सकती हैं।

(B) किसी तत्व के परमाणुओं की द्रव्यमान संख्याएं भिन्न–भिन्न हो सकती हैं।

(C) किसी तत्व के सभी परमाणुओं में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है।

(D) किसी तत्व के सभी परमाणुओं में न्यूट्रॉनों की संख्या सदैव समान होती है।

19. निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिए –

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (a) साबुन का फेन या झाग | (i) पायस |
| (b) जल में गाद | (ii) फोम |
| (c) ओपल (दूधिया पत्थर) | (iii) सॉल |
| (d) मेयोनीज़ | (iv) जैल |

कूट –

(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

(B) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)

(C) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(i)

(D) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)



20. Which of the following statements is/are correct regarding fats?

(I) Fats are needed for the formation of cell membrane.

(II) Fats help the body to absorb calcium from food.

(III) Fats are required to repair damaged tissues.

(IV) Body cannot release energy in fats as quickly as the energy in carbohydrates.

Select the correct answer using the code given -

(A) (I) and (IV) (B) Only (I)

(C) (II) and (IV) (D) (III) and (IV)

21. Match the following columns -

Column–I

(a) John Dalton

(b) Antoine Lavoisier

(c) Richter

(d) Gay-Lussac

Column–II

(i) Law of Conservation of Mass

(ii) Law of Reciprocal Proportions

(iii) Law of Gaseous Volume

(iv) Law of Multiple Proportions

Code -

(A) a-(i), b-(ii), c-(iii), d-(iv)

(B) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)

(C) a-(ii), b-(iii), c-(iv), d-(i)

(D) a-(iii), b-(iv), c-(ii), d-(i)

22. Dimensional formula of surface tension is -

(A) $[M^1L^1T^{-2}]$ (B) $[M^1L^0T^{-2}]$

(C) $[M^1L^1T^{-1}]$ (D) $[M^1L^2T^0]$

23. Which of the following is <u>not</u> a vector quantity?

(A) Resistance (B) Acceleration

(C) Torque (D) Impulse

24. Flight of rockets and jet planes is practical application of the principle of -

(A) conservation of linear momentum

(B) conservation of force

(C) conservation of energy

(D) conservation of mass

20. वसा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(I) कोशिका झिल्ली के निर्माण के लिए वसा की आवश्यकता होती है।

(II) वसा शरीर के भोजन से कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करते हैं।

(III) क्षतिग्रस्त ऊतकों की मरम्मत के लिए वसा की आवश्यकता होती है।

(IV) शरीर वसा में उतनी तेजी से ऊर्जा नहीं छोड़ सकता जितना की कार्बोहाइड्रेट में ऊर्जा।

दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए –

(A) (I) और (IV) (B) केवल (I)

(C) (II) और (IV) (D) (III) और (IV)

21. निम्नलिखित कॉलमों को सुमेलित कीजिए –

कॉलम–I

(a) जॉन डाल्टन

(b) एंटोनी लैवोज़ियर

(c) रिक्टर

(d) गे–लुसैक

कॉलम–II

(i) द्रव्यमान के संरक्षण का नियम

(ii) पारस्परिक गुणों का नियम

(iii) गैसीय आयतन का नियम

(iv) बहु अनुपात का नियम

कूट –

(A) a-(i), b-(ii), c-(iii), d-(iv)

(B) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)

(C) a-(ii), b-(iii), c-(iv), d-(i)

(D) a-(iii), b-(iv), c-(ii), d-(i)

22. पृष्ठ तनाव का विमीय सूत्र है –

(A) $[M^1L^1T^{-2}]$ (B) $[M^1L^0T^{-2}]$

(C) $[M^1L^1T^{-1}]$ (D) $[M^1L^2T^0]$

23. निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशि <u>नहीं</u> है?

(A) प्रतिरोध (B) त्वरण

(C) टॉर्क (D) आवेग

24. रॉकेट और जेट प्लेन की उड़ान किसके सिद्धांत का व्यावहारिक अनुप्रयोग है?

(A) रैखिक गति का संरक्षण

(B) बल का संरक्षण

(C) ऊर्जा का संरक्षण

(D) द्रव्यमान का संरक्षण

25. Which of the following is a good conductor of heat but a bad conductor of electricity?
(A) Gold (B) Copper
(C) Ebonite (D) Mica

26. Yeast is an important source of -
(A) Vitamin C (B) Protein
(C) Vitamin B (D) Vitamin D

27. Which instrument is used to measure number of revolutions per minute of the aircraft engine?
(A) tachymeter (B) tachometer
(C) telemeter (D) polarimeter

28. Which of the following is not a chemical change?
(A) Ripening of fruits (B) Curdling of milk
(C) Freezing of water (D) Digestion of food

29. The word 'Vaccination' has been derived from a Latin word, which relates to -
(A) cow (B) cat
(C) horse (D) dog

30. If the image is upright and diminished and it remains upright when the mirror is moved away from the face, then the mirror is a ......... mirror.
(A) concave (B) convex
(C) plane (D) Both convex and plane

31. Which institute organized the 'Charcoal Painting Art Exhibition'?
(A) Western Region Cultural Centre, Udaipur
(B) Rajasthan Lalit Kala Akademi, Jaipur
(C) Rajasthan School of Arts, Jaipur
(D) Rajasthan Sahitya Academy, Udaipur

32. Rajasthan Government signed a Memorandum of Understanding (MoU) with ......................... Government Stree Nidhi, to set up the first all women-run cooperative bank.
(A) Kerala (B) Tamilnadu
(C) Telangana (D) Bangalore

25. निम्नलिखित में से कौन ऊष्मा का अच्छा चालक है लेकिन विद्युत का कुचालक है?
(A) गोल्ड (B) कॉपर
(C) एबोनाइट (D) माइका

26. यीस्ट किसका महत्त्वपूर्ण स्त्रोत है?
(A) विटामिन C (B) प्रोटीन
(C) विटामिन B (D) विटामिन D

27. वायुयान के इंजन की प्रति मिनट परिक्रमण की संख्या मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
(A) टैकिमीटर (B) टैकोमीटर
(C) टेलिमीटर (D) पोलारिमीटर

28. निम्नलिखित में से कौन सा रासायनिक परिवर्तन नहीं है?
(A) फलों का पकना (B) दूध का फटना
(C) पानी का जमना (D) भोजन का पाचन

29. 'वैक्सीनेशन' शब्द एक लैटिन शब्द से लिया गया है, जिसका संबंध है –
(A) गाय से (B) बिल्ली से
(C) घोड़े से (D) कुत्ते से

30. यदि प्रतिबिंब सीधा और छोटा है और दर्पण को चेहरे से दूर ले जाने पर यह सीधा रहता है, तो दर्पण ...... ........... दर्पण होता है।
(A) अवतल (B) उत्तल
(C) समतल (D) दोनों उत्तल और समतल

31. 'चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी' का आयोजन किस संस्थान द्वारा किया गया?
(A) पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर
(B) राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर
(C) राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स, जयपुर
(D) राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर

32. राजस्थान सरकार ने ....... सरकार स्त्री निधि के साथ महिलाओं द्वारा संचालित पहला सहकारी बैंक बनाने के समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए।
(A) केरल (B) तमिलनाडु
(C) तेलंगाना (D) बैंगलोर



33. Rajasthan's Chief Minister has approved the proposal to give benefits of RIPS-2019 to Rural Tourism Units. Full form of the RIPS Scheme is-
(A) Rajasthan Inspection Proposal Scheme
(B) Rajasthan Insurance Promotion Scheme
(C) Rajasthan Installment Providing Scheme
(D) Rajasthan Investment Promotion Scheme

34. Indian women's cricket team captain Mithali Raj announced her retirement from all forms of international cricket in -
(A) April 2022 (B) June 2022
(C) July 2022 (D) August 2022

35. Rajasthan Domestic Travel Mart (RDTM) was organized in which district of Rajasthan?
(A) Jaipur (B) Bhilwara
(C) Chittorgarh (D) Udaipur

36. Recently (May 2022) in which district the Chief Minister has approved the proposal to open 3 new tehsils?
(A) Jaisalmer (B) Churu
(C) Banswara (D) Jodhpur

37. How many properties have been issued heritage certificates in Rajasthan till April 2022?
(A) 151 (B) 230
(C) 143 (D) 187

38. Who released the book 'Locust Control in Rajasthan'?
(A) Lalchand Kataria (B) Ashok Gehlot
(C) Ramlal Jat (D) Murari Lal Meena

39. Which policy was approved to develop Rajasthan as a film destination?
(A) Rajasthan Film Travel Promotion Policy – 2022
(B) Rajasthan Film Exploration Promotion Policy – 2022
(C) Rajasthan Film Tourism Promotion Policy – 2022
(D) Rajasthan Film Screening Promotion Policy – 2022

33. राजस्थान के मुख्यमंत्री ने ग्रामीण पर्यटन इकाईयों को रिप्स–2019 के लाभ दिये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। रिप्स योजना का पूर्ण रूप है –
(A) राजस्थान निरीक्षण प्रस्ताव योजना
(B) राजस्थान बीमा प्रोत्साहन योजना
(C) राजस्थान किस्त विधान योजना
(D) राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना

34. भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संयास की घोषणा की –
(A) अप्रैल 2022 में (B) जून 2022 में
(C) जुलाई 2022 में (D) अगस्त 2022 में

35. राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (आर.डी.टी.एम.) का आयोजन राजस्थान के किस जिले में किया गया?
(A) जयपुर (B) भीलवाड़ा
(C) चित्तौड़गढ़ (D) उदयपुर

36. हाल ही में (मई 2022) में मुख्यमंत्री ने किस जिले में 3 नई तहसील खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है?
(A) जैसलमेर (B) चूरू
(C) बांसवाड़ा (D) जोधपुर

37. अप्रैल 2022 तक राजस्थान में कुल कितनी संपत्तियों को हेरिटेज प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके हैं?
(A) 151 (B) 230
(C) 143 (D) 187

38. 'राजस्थान में टिड्डी नियंत्रण' पुस्तक का विमोचन किसने किया?
(A) लालचंद कटारिया (B) अशोक गहलोत
(C) रामलाल जाट (D) मुरारी लाल मीना

39. राजस्थान को फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए किस नीति को मंजूरी दी गई?
(A) राजस्थान फिल्म ट्रेवल प्रोत्साहन नीति – 2022
(B) राजस्थान फिल्म अन्वेषण प्रोत्साहन नीति – 2022
(C) राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति – 2022
(D) राजस्थान फिल्म स्क्रीनिंग प्रोत्साहन नीति – 2022

40. What is the rank of Rajasthan in the list released by the Government of India on 'Utsav Portal' in July 2022?
(A) First (B) Fifth
(C) Third (D) Second

41. Who among the following was not a member of Constitutional Assembly from Rajasthan?
(A) J.B. Kriplani
(B) Jai Narayan Vyas
(C) Hira Lal Shastri
(D) V. T. Krishnamachari

42. If the Panchayati Raj Institution is dissolved before the expiry of its term, then its election should be held-
(A) Within three months of dissolution
(B) Within six months of dissolution
(C) Within one year of dissolution
(D) Anytime

43. What is the main function of Harish Chandra Mathur Rajasthan Institute of Public Administration?
(A) Recruitment (B) Training
(C) Social Development (D) Census

44. Who was elected for Rajya Sabha for maximum four times from Rajasthan?
(A) Ashok Gehlot (B) Girija Vyas
(C) Gyan Prakash Pilania (D) Ram Niwas Mirdha

45. The District Collector is a member of which service?
(A) Indian Revenue Service
(B) State Civil Service
(C) Indian Administrative Service
(D) Indian Police Service

46. The ............ Legislative Assembly Constituency is reserved for Scheduled Tribe.
(A) Udaipur (B) Chittorgarh
(C) Banswara (D) Bhilwara

40. जुलाई 2022 में भारत सरकार द्वारा 'उत्सव पोर्टल' पर जारी सूची में राजस्थान को कौन सा स्थान मिला है?
(A) प्रथम (B) पंचम
(C) तृतीय (D) द्वितीय

41. निम्न में से कौन राजस्थान से संविधान सभा के सदस्य नहीं थे?
(A) जे. बी. कृपलानी
(B) जय नारायण व्यास
(C) हीरालाल शास्त्री
(D) वी. टी. कृष्णमाचारी

42. यदि कोई पंचायत राज संस्था अपनी अवधि समाप्त होने से पूर्व भंग कर दी जाती है, तो उसका निर्वाचन .......................... होना चाहिए।
(A) विघटन से तीन माह के अंदर
(B) विघटन से छः माह के अंदर
(C) विघटन से एक वर्ष के अंदर
(D) कभी भी

43. हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान का प्रमुख कार्य है –
(A) भर्ती (B) प्रशिक्षण
(C) सामाजिक विकास (D) जनगणना

44. राजस्थान से अधिकतम चार बार राज्य सभा के लिए कौन निर्वाचित हुआ?
(A) अशोक गहलोत (B) गिरिजा व्यास
(C) ज्ञान प्रकाश पिलानिया (D) राम निवास मिर्धा

45. जिला कलेक्टर किस सेवा का सदस्य होता है?
(A) भारतीय राजस्व सेवा
(B) राज्य सिविल सेवा
(C) भारतीय प्रशासनिक सेवा
(D) भारतीय पुलिस सेवा

46. .................विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।
(A) उदयपुर (B) चित्तौड़गढ़
(C) बांसवाड़ा (D) भीलवाड़ा



47. Who has constructed Naulakha Baori in Dungarpur?
(A) Rani Padmini (B) Rani Primal Devi
(C) Rani Champa Devi (D) Rani Durga Devi

48. Who is the author of 'Marwar Ra Pargana Ri Vigat'?
(A) Navin kavi (B) Narharidas
(C) Muhnot Nainsi (D) Surat Mishra

49. Sun Temple of Jhalawar is also known as -
(A) Saat Saheliyon ka Mandir
(B) Saas Bahu Temple
(C) Temple of Kunwari Kanya and Rasiya
(D) Charmukh Temple

50. Uniara painting style is a blend of which styles of painting?
(A) Jaipur and Bundi style
(B) Alwar and Kota style
(C) Kota and Amer style
(D) Bikaner and Amer style

51. Bhim ki Dungari and Bijak ki Pahari are the sites related to which civilization of Rajasthan?
(A) Ahar civilization (B) Kalibanga civilization
(C) Ganeshwar civilization (D) Bairath civilization

52. Place of Jodhpur, famous place for Chhatris and gardens of ancient kings is -
(A) Osian (B) Luni
(C) Mandore (D) Jaswant Thada

53. Which of the following is not a disciple of Dadu Dayal Ji?
(A) Sundar Das Ji (B) Garibdas Ji
(C) Razzab Ji (D) Laldas Ji

47. डूंगरपुर स्थित नौलखा बावड़ी किसने बनवाई?
(A) रानी पद्मिनी (B) रानी प्रीमल देवी
(C) रानी चम्पा देवी (D) रानी दुर्गा देवी

48. 'मारवाड़ रा परगना री विगत' के लेखक हैं –
(A) नवीन कवि (B) नरहरिदास
(C) मुहणोत नैणसी (D) सूरत मिश्र

49. झालावाड़ के सूर्य मंदिर को ................के रूप में भी जाना जाता है।
(A) सात सहेलियों का मंदिर
(B) सास बहू मंदिर
(C) कुंवारी कन्या और रसिया का मंदिर
(D) चारमुख मंदिर

50. उनियारा चित्रकला शैली, चित्रकला की किन शैलियों का मिश्रण है?
(A) जयपुर और बूंदी शैली
(B) अलवर और कोटा शैली
(C) कोटा और आमेर शैली
(D) बीकानेर और आमेर शैली

51. भीम की डूंगरी एवं बीजक की पहाड़ी राजस्थान की किस सभ्यता से संबंधित स्थल हैं?
(A) आहड़ सभ्यता (B) कालीबंगा सभ्यता
(C) गणेश्वर सभ्यता (D) बैराठ सभ्यता

52. जोधपुर का स्थान, जो छतरियों और प्राचीन राजाओं के उद्यानों के लिए प्रसिद्ध है –
(A) ओसियां (B) लूनी
(C) मंडोर (D) जसवंत थड़ा

53. निम्नलिखित में से कौन दादू दयाल जी का शिष्य नहीं है?
(A) सुंदर दास जी (B) गरीबदास जी
(C) रज्जब जी (D) लालदास जी

54. Match the following (Mahal – Place) –

| | |
|---|---|
| (a) Mubarak Mahal | (1) Dungarpur |
| (b) Sunehri Kothi | (2) Tonk |
| (c) Reshma Mahal | (3) Sikar |
| (d) Ek Thambiya Mahal | (4) Jaipur |

Choose the correct code -
(A) a-(4), b-(2), c-(3), d-(1)
(B) a-(4), b-(3), c-(2), d-(1)
(C) a-(1), b-(2), c-(3), d-(4)
(D) a-(1), b-(4), c-(2), d-(3)

55. Select the wrong pair -
(A) Dwarkanath Bhatt – Raag Chandrika
(B) Dalpat – Khuman Raso
(C) Kumbha – Sangeet Raj
(D) Vijaydan Detha – Aasha ghar

56. Which of the following pair is not correctly matched?
(A) Sanga – Guhil (B) Ajayraja – Chauhan
(C) Rai Singh – Rathod (D) Khetri Singh – Sisodiya

57. Pansari Haveli is situated in -
(A) Dundlod (B) Tonk
(C) Chirawa (D) Shri Madhopur

58. Match the following and select the correct answer using the codes given below –

| Minerals | Area |
|---|---|
| (a) Copper | (i) Jhamarkotra |
| (b) Gypsum | (ii) Rajpura-Debari |
| (c) Lead and Zinc | (iii) Khoh-Dariba |
| (d) Rock Phosphate | (iv) Jamsar |

(A) a-i, b-ii, c-iv, d-iii (B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i (D) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

59. 'Sei Project' is related to which of the following dams?
(A) Jawahar Sagar Dam (B) Harike Dam
(C) Jawai Dam (D) Gandhisagar Dam

60. Maharana Sajjan Singh was given the title of 'Grand Commander of the Star of India' by which Governor General?
(A) Lord Rippon (B) Lord Lytton
(C) Lord Cornwallis (D) Lord Hastings

54. निम्नलिखित का मिलान कीजिए (महल – स्थान) –

| | |
|---|---|
| (a) मुबारक महल | (1) डूंगरपुर |
| (b) सुनहरी कोठी | (2) टोंक |
| (c) रेशमा महल | (3) सीकर |
| (d) एक थंबिया महल | (4) जयपुर |

सही कूट का चयन कीजिए –
(A) a-(4), b-(2), c-(3), d-(1)
(B) a-(4), b-(3), c-(2), d-(1)
(C) a-(1), b-(2), c-(3), d-(4)
(D) a-(1), b-(4), c-(2), d-(3)

55. गलत युग्म चुनिए –
(A) द्वारकानाथ भट्ट – राग चंद्रिका
(B) दलपत – खुमाण रासो
(C) कुम्भा – संगीत राज
(D) विजयदान देथा – आशाघर

56. निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(A) सांगा – गुहिल (B) अजयराज – चौहान
(C) रायसिंह – राठौड़ (D) खेतड़ी सिंह – सिसोदिया

57. पंसारी की हवेली कहां स्थित है?
(A) डूंडलोद में (B) टोंक में
(C) चिड़ावा में (D) श्री माधोपुर में

58. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| खनिज पदार्थ | क्षेत्र |
|---|---|
| (a) कॉपर | (i) झामर कोटरा |
| (b) जिप्सम | (ii) राजपुरा–देबारी |
| (c) सीसा और जस्ता | (iii) खोह–दरीबा |
| (d) रॉक फॉस्फेट | (iv) जमसार |

(A) a-i, b-ii, c-iv, d-iii (B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i (D) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

59. 'सेई परियोजना' निम्नलिखित में से किस बांध से संबंधित है?
(A) जवाहर सागर बांध (B) हरिके बांध
(C) जवाई बांध (D) गाँधी सागर बांध

60. महाराणा सज्जन सिंह को किस गवर्नर जनरल ने 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द स्टार ऑफ इंडिया' की उपाधि दी थी?
(A) लॉर्ड रिपन (B) लॉर्ड लिटन
(C) लॉर्ड कॉर्नवॉलिस (D) लॉर्ड हेस्टिंग्स



61. How many indigenous languages are mentioned in Kuvalayamala?
(A) 18 (B) 08
(C) 06 (D) 12

62. Who was the ruler of Dungarpur during the revolution of 1857, who helped the British?
(A) Fateh Singh (B) Jaswant Singh II
(C) Udai Singh II (D) Vijay Singh

63. In which area was Lachhiram known?
(A) Shekhawati Khyal (B) Kuchamani Khyal
(C) Hela Khyal (D) Turra Kalangi Khyal

64. Jain pilgrimage site Kesariyaji is in which district of Rajasthan?
(A) Dungarpur (B) Banswara
(C) Pratapgarh (D) Udaipur

65. Which was the capital of Harishchandra, the founder of Pratihar dynasty in Rajasthan?
(A) Mandana (B) Bhinmal
(C) Merta (D) Mandore

66. Who is recognized as the folk goddess of Alwar region?
(A) Jilani Mata (B) Sugali Mata
(C) Latiyal Mata (D) Sachchiya Mata

67. 'Kamadiya Panth' was established by -
(A) Goga ji (B) Mallinath ji
(C) Ramdev ji (D) Pabu ji

68. Which one of the following pair (Princely State – Political Agent), at the time of outbreak of Revolt of 1857, is incorrect?
(A) Udaipur – C. L. Showers
(B) Jaipur – Colonel Eden
(C) Bikaner – Captain J.D. Hall
(D) Jodhpur – Mac Mason

69. In Rajasthan, the festival and fair of Kajli Teej of ................is famous.
(A) Pushkar (B) Baran
(C) Banswara (D) Bundi

61. कुवलयमाला में कितनी देशी भाषाओं का उल्लेख है?
(A) 18 (B) 08
(C) 06 (D) 12

62. 1857 की क्रांति के दौरान डूंगरपुर का शासक कौन था, जिसने अंग्रेजों की सहायता की थी?
(A) फतेह सिंह (B) जसवंत सिंह II
(C) उदय सिंह II (D) विजय सिंह

63. लच्छीराम की पहचान किस क्षेत्र में रही?
(A) शेखावाटी ख्याल (B) कुचामनी ख्याल
(C) हेला ख्याल (D) तुर्रा कलंगी ख्याल

64. जैन तीर्थ स्थल केसरिया जी राजस्थान के किस जिले में है?
(A) डूंगरपुर (B) बांसवाड़ा
(C) प्रतापगढ़ (D) उदयपुर

65. राजस्थान में प्रतिहार वंश के संस्थापक हरिश्चन्द्र की राजधानी कौन सी थी?
(A) मण्डाना (B) भीनमाल
(C) मेड़ता (D) मण्डोर

66. अलवर क्षेत्र की लोकदेवी के रूप में किसे मान्यता प्राप्त है?
(A) जिलाणी माता (B) सुगाली माता
(C) लटियाल माता (D) सच्चियाय माता

67. 'कामड़िया पंथ' की स्थापना किसने की थी?
(A) गोगाजी (B) मल्लीनाथजी
(C) रामदेवजी (D) पाबूजी

68. 1857 की क्रांति के दौरान (देशी रियासत – पॉलिटिकल एजेंट) का कौनसा युग्म, असंगत है?
(A) उदयपुर – सी. एल. शॉवर्स
(B) जयपुर – कर्नल ईडन
(C) बीकानेर – कैप्टन जे. डी. हॉल
(D) जोधपुर – मैक मेसन

69. राजस्थान में, ........... का कजली तीज का त्यौहार एवं मेला प्रसिद्ध है।
(A) पुष्कर (B) बारां
(C) बांसवाड़ा (D) बूंदी

70. Character Puria is a part of -
(A) Jasma Oden dance drama
(B) Gavari dance drama
(C) Bhawai dance
(D) Rammat folk drama

71. Hydrology and Water Management Institute is located in Rajasthan at -
(A) Kota (B) Ganganagar
(C) Bikaner (D) Jodhpur

72. According to census 2011, the districts in Rajasthan with population less than one million was -
(A) Sirohi, Bundi (B) Only Jaisalmer
(C) Only Pratapgarh (D) Jaisalmer, Pratapgarh

73. Which one of the following river flows in the Torawati basin?
(A) Kakni (B) Kantli
(C) Banganga (D) Gambhiri

74. According to the 20th livestock census of Rajasthan, which district has maximum livestock?
(A) Jodhpur (B) Bikaner
(C) Barmer (D) Nagaur

75. Govardhan Puja/Annakoot Mahotsav is celebrated in -
(A) Kartik Shukla Paksha
(B) Chaitra Krishna Paksha
(C) Ashwin Shukla Paksha
(D) Bhadon Krishna Paksha

76. Which one of the following is not a Water Fort?
(A) Bhatner Fort (B) Gagron Fort
(C) Bhainsrorgarh Fort (D) Koshavardhan Fort

77. Which of the following serial of mountain peaks is correct as per descending order of their heights?
(A) Babai, Bairath, Nag Pahar and Bhairach
(B) Nag Pahar, Bhairach, Babai and Bairath
(C) Bhairach, Nag Pahar, Babai and Bairath
(D) Bairath, Nag Pahar, Babai and Bhairach

70. पुरिया नामक पात्र हिस्सा है –
(A) जस्मा ओडन नृत्य नाटिका का
(B) गवरी नृत्य नाटिका का
(C) भवाई नृत्य का
(D) रम्मत लोक नाट्य का

71. राजस्थान में हाइड्रोलॉजी एण्ड वॉटर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट अवस्थित है –
(A) कोटा में (B) गंगानगर में
(C) बीकानेर में (D) जोधपुर में

72. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में एक मिलियन से कम जनसंख्या वाले जिले थे –
(A) सिरोही, बूंदी (B) केवल जैसलमेर
(C) केवल प्रतापगढ़ (D) जैसलमेर, प्रतापगढ़

73. निम्नलिखित में से कौनसी नदी तोरावाटी बेसिन में प्रवाहित होती है?
(A) काकनी (B) कान्तली
(C) बाणगंगा (D) गंभीरी

74. राजस्थान की 20वीं पशुगणना के अनुसार, सर्वाधिक पशुधन किस जिले में है?
(A) जोधपुर (B) बीकानेर
(C) बाड़मेर (D) नागौर

75. गोवर्धन पूजा/अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है –
(A) कार्तिक शुक्ल पक्ष
(B) चैत्र कृष्ण पक्ष
(C) अश्विन शुक्ल पक्ष
(D) भादों कृष्ण पक्ष

76. निम्नलिखित में से कौन सा जल दुर्ग नहीं है?
(A) भटनेर दुर्ग (B) गागरोन दुर्ग
(C) भैंसरोड़गढ़ दुर्ग (D) कोशवर्द्धन दुर्ग

77. निम्नलिखित में से कौन सा क्रम पर्वत चोटियों एवं उनकी ऊंचाईयों के अवरोही क्रम के अनुसार सही है?
(A) बाबई, बैराठ, नाग पहाड़ और भैरच
(B) नाग पहाड़, भैरच, बाबई और बैराठ
(C) भैरच, नाग पहाड़, बाबई और बैराठ
(D) बैराठ, नाग पहाड़, बाबई और भैरच

1304256297



78. Which of the following statement is incorrect?
(A) Western Sandy Plain is the residual of Tethys Ocean.
(B) Aravalli is the oldest mountain range.
(C) South – Eastern plateau is the extension of Gondwana Land.
(D) North – Eastern plain was formed by Sindhu River.

79. Which is incorrect about Dang Area Development Programme?
(i) It was begun in 1994-95 in 26 blocks of eight districts.
(ii) Eight districts include Bharatpur, Karauli, Dholpur, Sawai Madhopur, Kota, Baran, Bundi and Jhalawar.
(iii) It is 100% Central Government financed programme.
(iv) Its objective is to bring economic and social development in dacoit affected areas.
Code -
(A) (ii), (iii) (B) (ii), (iv)
(C) Only (i) (D) Only (iii)

80. Which of the following pairs of districts is major producer of Kattha (Acacia Catechu)?
(A) Bharatpur – Alwar (B) Udaipur – Chittorgarh
(C) Banswara – Baran (D) Churu – Bikaner

81. Which of the following districts has the largest area of forest?
(A) Udaipur (B) Pratapgarh
(C) Sirohi (D) Alwar

82. Which of the following is a Black Buck Sanctuary?
(A) Tal Chhapar (B) Sajjangarh
(C) Ranthambore (D) Kumbhalgarh

83. Which of the following facts regarding length of rivers is incorrect?
(A) Luni (495 km) (B) Chambal (1050 km)
(C) Banas (512 km) (D) Mahi (467 km)

78. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?
(A) पश्चिमी रेतीला मैदान टेथिस महासागर का अवशेष है।
(B) अरावली सबसे पुरानी श्रृंखला है।
(C) दक्षिणी–पूर्वी पठार गोंडवाना भूमि का विस्तार है।
(D) सिंधु नदी द्वारा उत्तर–पूर्वी मैदान का निर्माण किया गया था।

79. डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम के बारे में कौन सा गलत है?
(i) इसकी शुरुआत 1994-95 में आठ जिलों के 26 प्रखंडों में हुई थी।
(ii) आठ जिलों में भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, बारां, बूंदी और झालावाड़ शामिल हैं।
(iii) यह 100% केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रम है।
(iv) इसका उद्देश्य डकैत प्रभावित क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास लाना है।
कूट–
(A) (ii), (iii) (B) (ii), (iv)
(C) केवल (i) (D) केवल (iii)

80. निम्नलिखित में से जिलों का कौन सा युग्म कत्था (बबूल कत्था) का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र है?
(A) भरतपुर – अलवर (B) उदयपुर – चित्तौड़गढ़
(C) बांसवाड़ा – बारां (D) चूरू – बीकानेर

81. निम्नलिखित में से किस जिले में वन का क्षेत्रफल सबसे अधिक है?
(A) उदयपुर (B) प्रतापगढ़
(C) सिरोही (D) अलवर

82. निम्नलिखित में से कौन काला हिरण अभ्यारण है?
(A) ताल छापर (B) सज्जनगढ़
(C) रणथम्भौर (D) कुंभलगढ़

83. नदियों की लंबाई के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य गलत है?
(A) लूनी (495 कि.मी.) (B) चंबल (1050 कि.मी.)
(C) बनास (512 कि.मी.) (D) माही (467 कि.मी.)

84. At which of the following place the Gomti Sagar cattle fair is organised?
(A) Bundi (B) Kota
(C) Udaipur (D) Jhalrapatan

85. Who attacked Chittorgarh during the 'Second Sakaa'?
(A) Alauddin Khilji (B) Firoz Shah Tuglak
(C) Bahadur Shah (D) Akbar

86. In which of the following dance no musical instruments are used?
(A) Valar Dance (B) Ghoomar Dance
(C) Chang Dance (D) Ger Dance

87. Hakim Khan Suri was the Chief General of whose army?
(A) Shershah Suri (B) Maharana Sanga
(C) Maharana Pratap (D) Rao Maldev

88. Between which states was the Treaty of Champaner signed (1456 AD)?
(A) Malwa – Mewar (B) Malwa – Gujarat
(C) Mewar – Gujarat (D) Mewar – Marwar

89. Rupahli and Sunhari (Golden) printing is famous in which districts of Rajasthan?
(A) Jaipur, Jodhpur and Jaisalmer
(B) Kishangarh, Chittorgarh and Kota
(C) Ajmer, Tonk and Banswara
(D) Bundi, Pali and Sirohi

90. The main peeth of Naval Sect is in -
(A) Shahpura (B) Sabla
(C) Jodhpur (D) Ren

91. The ornament 'Tadda' is worn -
(A) in arms (B) around neck
(C) on forehead (D) around waist

92. Rajasthan is divided into how many Agro-climatic zones?
(A) 9 (B) 10
(C) 15 (D) 20

93. Which is not traditional source of energy in Rajasthan?
(A) Atomic energy (B) Solar energy
(C) Hydroelectric energy (D) Thermal energy

84. गोमती सागर पशु मेले का आयोजन निम्नलिखित में से किस स्थान पर होता है?
(A) बूंदी (B) कोटा
(C) उदयपुर (D) झालरापाटन

85. 'द्वितीय साका' के समय चित्तौड़गढ़ पर किसने आक्रमण किया था?
(A) अलाउद्दीन खिलजी (B) फिरोज़शाह तुगलक
(C) बहादुर शाह (D) अकबर

86. निम्न में से किस नृत्य में किसी भी वाद्य यंत्र का प्रयोग नहीं किया जाता है?
(A) वालर नृत्य (B) घूमर नृत्य
(C) चंग नृत्य (D) गेर नृत्य

87. हकीम खां सूरी किसकी सेना का प्रमुख सेनापति था?
(A) शेरशाह सूरी (B) महाराणा सांगा
(C) महाराणा प्रताप (D) राव मालदेव

88. चम्पानेर की संधि (1456 AD) किन राज्यों के बीच हुई थी?
(A) मालवा – मेवाड़ (B) मालवा – गुजरात
(C) मेवाड़ – गुजरात (D) मेवाड़ – मारवाड़

89. रूपाहली और सुनहरी (स्वर्णिम) छपाई राजस्थान के किन जिलों में प्रसिद्ध है?
(A) जयपुर, जोधपुर और जैसलमेर
(B) किशनगढ़, चित्तौड़गढ़ और कोटा
(C) अजमेर, टोंक और बांसवाड़ा
(D) बूंदी, पाली और सिरोही

90. नवल संप्रदाय की मुख्य पीठ स्थित है –
(A) शाहपुरा में (B) साबला में
(C) जोधपुर में (D) रेण में

91. 'टड्डा' आभूषण पहना जाता है –
(A) बाजू में (B) गले में
(C) सिर पर (D) कमर में

92. राजस्थान को कितने कृषि–जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है?
(A) 9 (B) 10
(C) 15 (D) 20

93. राजस्थान में कौनसा ऊर्जा का परम्परागत स्त्रोत नहीं है?
(A) परमाणु ऊर्जा (B) सौर ऊर्जा
(C) जल विद्युत ऊर्जा (D) तापीय ऊर्जा



94. Which one of the following (Cattle Breed - Area in Rajasthan) is not correctly matched?
(A) Kankrej – South East
(B) Rathi – North West
(C) Tharparkar – West
(D) Gir – Middle and South East

95. North – South corridor passes from which district of Rajasthan?
(A) Jaipur (B) Dausa
(C) Dholpur (D) Sawai Madhopur

96. Which of the following districts area is called 'Bhomat'?
(A) Dungarpur, Udaipur and Sirohi (B) Ajmer, Bikaner and Churu
(C) Sikar, Churu and Barmer (D) Barmer, Jalore and Sikar

97. Rajasthan State Environment Policy was declared firstly in the year -
(A) 2006 (B) 2008
(C) 2010 (D) 2012

98. As per Koppen climatic classification, the 'Cwg' climate is found in Rajasthan in -
(A) Arid Region
(B) Semi Arid Region
(C) South-Eastern Region
(D) Hadoti Plateau Region

99. Which of the following (River – Place of origin) is not correctly matched?
(A) Som – Babalwara Hills
(B) Jakham – Chhoti Sadri
(C) Banas – Khamnor Hills
(D) Sagi – Jaswantpura Hills

100. Dhati, a sub-dialect of Marwari, is spoken in which region of Rajasthan?
(A) Bundi (B) Barmer
(C) Pratapgarh (D) Sikar

94. निम्नलिखित में से कौन सा (गौवंश की नस्ल – राजस्थान में क्षेत्र) सही सुमेलित नहीं है?
(A) कांकरेज – दक्षिणी पूर्वी
(B) राठी – उत्तर पश्चिमी
(C) थारपारकर – पश्चिमी
(D) गिर – मध्यवर्ती और दक्षिणी पूर्वी

95. उत्तर–दक्षिण गलियारा राजस्थान के किस जिले से गुजरता है?
(A) जयपुर (B) दौसा
(C) धौलपुर (D) सवाई माधोपुर

96. निम्नलिखित में से किन जिलों का क्षेत्र 'भोमट' कहलाता है?
(A) डूंगरपुर, उदयपुर और सिरोही (B) अजमेर, बीकानेर और चूरू
(C) सीकर, चूरू और बाड़मेर (D) बाड़मेर, जालौर और सीकर

97. राजस्थान राज्य पर्यावरण नीति प्रथम बार किस वर्ष में घोषित की गई थी?
(A) 2006 (B) 2008
(C) 2010 (D) 2012

98. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, राजस्थान में 'Cwg' जलवायु पाई जाती है –
(A) शुष्क प्रदेश में
(B) अर्द्ध शुष्क प्रदेश में
(C) दक्षिणी–पूर्वी प्रदेश में
(D) हाड़ौती पठारी प्रदेश में

99. निम्नलिखित में से कौनसा (नदी – उत्पत्ति स्थान) सुमेलित नहीं है?
(A) सोम – बाबलवाड़ा पहाड़ियां
(B) जाखम – छोटी सादड़ी
(C) बनास – खमनौर पहाड़ियां
(D) सागी – जसवंतपुरा पहाड़ियां

100. धाती, मारवाड़ी की एक उप–बोली, राजस्थान के किस क्षेत्र में बोली जाती है?
(A) बूंदी (B) बाड़मेर
(C) प्रतापगढ़ (D) सीकर